पंजाब केसरी 12/09/2024

श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रगति ने बाजी मारी, मनोरमा द्वितीय और निशु तृतीय

अम्बाला, 11 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में बुधवार को श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्लोकोच्चारण का विषय विद्या एवं श्रीमद्भागवत गीता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने की, जबकि प्रियंका के निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जी.एम.एन. कालेज में आयोजित श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता के प्रतिभागी। (देवदत्त)

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रगति ने हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष की मनोरमा और तृतीय स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष के निशु ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता और राजनीतिक विभाग की प्रो. सरोज शामिल रहीं। प्रो. बृजेश ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस भाषा के उत्थान पर जोर दिया।